Bhav Nikunj (Hindi Activity)

Date of the activity	6 May 2024 to 15 May
Organized by	ITL Public School
Classes	Classes 1-8

भारत के राष्ट्रगान को लिखने वाल, एक प्रसिद्ध कवि,साहित्यकार, दार्शनिक और भारतीय साहित्य के नोबेल पुरस्कार विजेता श्री रवींद्र नाथ टैगोर जी को श्रद्धांजलि देने के लिए प्रतिवर्ष 7 मई का दिन '**टैगोर जयंती**' के रूप में मनाया जाता है ।

छात्रों को भारतीय साहित्य के प्रति इनके योगदान से परिचित करवाने हेतु आई. टी. एल. पब्लिक स्कूल 6 मई 2024(सोमवार)को अनेक भाव निकुंज गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।इसके अंतर्गत कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों ने रवींद्रनाथ टैगोर जी द्वारा लिखी गई कविताओं तथा गीतों को कक्षा में प्रस्तुत किया। कक्षा तृतीय के लिए **सुलेख गतिविधि** का आयोजन करवाया गया, जिसके अंतर्गत उन्होंने विभिन्न मात्राओं को अलग-अलग रंगों से दर्शाया। कक्षा चतुर्थ के छात्रों ने विभिन्न कथा कहानियों ,कविताओं का संकलन करके **मेरी किताब** गतिविधि द्वारा अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा पंचम के छात्रों ने अपनी मौलिकता तथा सृजनात्मक को संवादों में गूंथते हुए पंचतंत्र की कहानियों पर आधारित चित्रकथा **पंचतंत्र की कहानी,कार्टूनों की जुबानी** को प्रस्तुत करते हुए नैतिक मूल्यों का संदेश दिया।छात्रों के उत्साह ,जोश ,उमंग तथा सक्रिय भागीदारी से इन रोचक गतिविधियों के आयोजन में चार चांद लग गए। छात्रों के भाषाई कौशल के विकास के साथ-साथ आत्मविश्वास में भी वृद्धि हुई

आई• टी •एल• पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में भाव निकुंज गतिविधियों की श्रृंखला में माध्यमिक कक्षाओं के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने उत्साह का प्रदर्शन किया ।
6 मई 2024(सोमवार) को अनेक भाव निकुंज गतिविधियों का आयोजन करवाया गया।

भाव निकुंज गतिविधियों के अंतर्गत कक्षा छठी सातवीं और आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अनेक हिंदी गतिविधियों में अपनी सहभागिता प्रदर्शित की ।
कक्षा छठी के छात्रों ने मौलिक क्षमताओं तथा रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए प्रकृति और ऋतुओं पर आधारित अनेक कविताओं की रचना की। **कविता निर्माण** के साथ-साथ सुंदर चित्रों से सजाकर सुंदर समायोजन भी प्रस्तुत किया । इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों की लेखन कौशल क्षमता का विकास किया गया । छात्रों ने इन गतिविधियों में उत्साह पूर्वक भाग लिया और अपनी कोमल भावनाओं को शब्दों के माध्यम से व्यक्त करने का सफल प्रयास किया ।
कक्षा सातवीं के छात्रों ने **कहानी निर्माण** की गतिविधि की । कहानी निर्माण के माध्यम से छात्रों ने अपनी सृजनात्मकता . रचनात्मकता तथा लेखन कुशलता का प्रशंसनीय प्रदर्शन किया । कहानी के पात्रों को अपनी लेखनी से स्पष्ट करते हुए उनके चरित्र का आकलन करते हुए छात्रों ने विशेष रुचि प्रदर्शित की । कहानी के उतार-चढ़ावों को अपने शब्दों द्वारा बखूबी प्रदर्शित करने का प्रयास किया ।छात्रों द्वारा अंत में कहानी का संदेश भी लिखा गया। चित्रो के माध्यम से कहानी को अत्यधिक सजीव बनाने का प्रयास भी किया गया ।

कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों ने भाव निकुंज गतिविधि की श्रृंखला में **सुविचार लेखन** गतिविधि की । हमारी दुनिया के मुख्य स्रोतों जल .वायु धरती आदि पर आधारित सुविचार लिखे और उन्हें कक्षा में सुनाया । इस गतिविधि के माध्यम से छात्रों के अंदरलेखन क्षमता का विकास हुआ। इस गतिविधि के माध्यम से पर्यावरण के प्रति छात्रों की जागरूकता का विकास हुआ । कक्षा नवीं व दसवीं के छात्रों ने कहानी वाचन के द्वारा अपने कौशल एवं सृजनात्मकता का परिचय दिया |